**आकाशवाणी शिमला**

**15.11.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में दूध की खरीद के लिए मार्च तक शुरू होगा डिजिटल सिस्टम।**
- **विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सरकार से आपदा प्रभावितों की विशेष आर्थिक पैकेज के तहत मदद करने का किया आग्रह।**
- **सिरमौर ज़िले में 5 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न।**
- **जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती।**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में दूध की खरीद के लिए आगामी 31 मार्च तक डिजिटल सिस्टम शुरू किया जाएगा। इससे दूध की खरीद में न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि किसानों को एस.एम.एस. के माध्यम से उनके दूध की गुणवत्ता व मूल्य की जानकारी भी उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दत्तनगर में 50 हज़ार लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले नए दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के शुभारम्भ अवसर पर ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के बजट का पहला बिन्दु ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करना है ताकि किसान बेहतर जीवन यापन कर सकें। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार पशुपालन विभाग में 9 सौ फार्मासिस्टों की भर्ती करने जा रही है ताकि पशुपालकों को उनके घरद्वार पर बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार लोगों को खेती–बाड़ी से जोड़ने और उनकी आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि दत्तनगर में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों के साथ–साथ विशेषकर महिलाओं की आर्थिकी में सुधार आएगा।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से बीते मॉनसून में आई आपदा के प्रभावितों की विशेष आर्थिक पैकेज के तहत ही मदद करने का आग्रह किया है। राज्य सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि बीते मॉनसून सीज़न में प्रदेशभर में सौ से अधिक घटनाएं हुई हैं जिनमें जनधन को भारी नुकसान हुआ है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा में किसी भी प्रकार से प्रभावितों के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा के तुरन्त बाद ही प्रभावितों के लिए राहत व बचाव कार्य और पुनर्वास के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिएं।

**पर्यटन**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम उठा रही है। धर्मशाला में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन विभाग की ओर से मेगा इवेंट करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एशियन विकास बैंक की मदद से प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र पर अढ़ाई हज़ार करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे और इसमें से प्रारंभिक तौर पर एक हज़ार 3 सौ करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत कर ली गई है।

**आयुष मंत्री**

आयुष मंत्री यादविन्दर गोमा ने अध्यापकों से बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों व कर्तव्यों का ज्ञान देने का भी आह्वान किया है। कांगड़ा ज़िले के आलमपुर में आज एक स्कूल के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने प्रति ईमानदार रहें तो वे कठोर परिश्रम व आत्मविश्वास से निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। यादविन्दर गोमा ने कहा कि गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार इस दिशा में विशेष बल दे रही है।

**प्रकाश पर्व**

सिखों के पहले गुरु श्री गुरूनानक देव जी का 5 सौ 55वां प्रकाश पर्व आज देशभर में मनाया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजधानी शिमला के गुरूद्वारे में गुरूद्वारा सिंह सभा द्वारा सुबह के समय गुरू ग्रंथ साहिब पाठ का आयोजन किया गया। सभा के अध्यक्ष जसविन्दर सिंह ने बताया कि गुरूनानक देव जी ने समाज सुधार के लिए ज्ञान का प्रकाश फैलाया था और यही कारण है कि उनकी जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाती है। गुरूनानक देव जी का जन्म 1469 को पंजाब के तलवंडी में हुआ था। ये स्थान अब पाकिस्तान में है। प्रकाश पर्व के मौके पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने भी शिमला के गुरूद्वारे में शीश नवाया।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर किसानों व बागवानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने कहा कि एंटी हेल नेट पर मिलने वाली सब्सिडी बंद करने के बाद प्रदेश सरकार ने अब सोलर फैंसिंग पर मिलने वाली सब्सिडी भी बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से प्रदेश के छोटे और मध्यम किसानों व बागवानों पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश के कृषि व बागवानी मंत्री को इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए बागवानों के साथ हो रहे अन्याय को रोकने की सलाह दी है।

**रेणुका मेला**

सिरमौर ज़िले में पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला आज संपन्न हो गया। मेले के समापन अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि मेले व त्योहार वर्षों से हमारी संस्कृति का पोषण करते रहे हैं और इस समृद्ध संस्कृति को बचाए रखना युवा पीढ़ी की ज़िम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि श्री रेणुकाजी मेला भगवान परशुराम का उनकी माता श्री रेणुकाजी के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है और ये उत्सव भारतीय समाज के समृद्ध मूल्यों का संवर्धन करता है। इससे पहले राज्यपाल ने विभिन्न विभागों व गैर सरकारी संगठनों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का भी निरीक्षण किया। मेले में उद्योग विभाग की प्रदर्शनी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्यपाल वर्चुअल माध्यम से बिहार में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

**लवी मेला**

इधर, शिमला ज़िले के रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला कल शाम संपन्न हो गया। उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर स्मारिका का भी विमोचन किया गया। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर और श्रीराम अय्यर ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह समेत कई अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे।

**गौरव दिवस**

जनजातीय नायक व आदर्श बिरसा मुंडा की जयंती पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यस्तरीय कार्यक्रम किन्नौर ज़िले के कल्पा में आयोजित किया गया जहां जनजातीय विकास व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस मनाने का उद्देश्य युवा पीढ़ी को लोक संस्कृति व परंपराओं से अवगत करवाना है। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में कल्पा में कई गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। वहीं दूसरी ओर, चम्बा में भी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्र की संस्कृति का भी प्रदर्शन किया गया। चम्बा के अतिरिक्त ज़िला दण्डाधिकारी अमित मैहरा ने बताया कि ज़िले के एक सौ 56 जनजातीय गांवों में आज विशेष ग्राम संभाएं भी आयोजित की गईं हैं। जनजातीय गौरव दिवस पर चम्बा के जनजातीय क्षेत्रों से पहुंचे कलाकारों ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि आज उन्हें भी अपनी गद्दी संस्कृति की झलक दिखाने का अवसर मिला है। जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को ये अवसर प्रदान करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया। हमीरपुर के बमसन विकासखण्ड के डाडू गांव में भी ज़िलास्तरीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जहां महान स्वतंत्रता सैनानी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी गई वहीं लोगों को सरकार की योजनाओं से भी अवगत करवाया गया। ऊना ज़िले में हरोली क्षेत्र की बीटन पंचायत में भी विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई।